नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञाप्ति

दिनांक 21.06.2020

नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,

- **मा0 मंत्री वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा,विभाग उ0प्र0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने आज नगर निगम द्वारा नवनिर्मित गौशाला एवं बिसरात रोड बंकाघाट पर नवनिर्मित सेतु का लोकार्पण किया गया।**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संकमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**

1– मा0 मंत्री वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा,विभाग उ0प्र0 श्री सुरेश कुमार खन्ना जी ने आज नगर निगम द्वारा नवनिर्मित गौशाला एवं बिसरात रोड बंकाघाट पर नवनिर्मित सेतु का लोकार्पण किया गया। मधईटोला में वर्तमान समय में अस्थाई गौशाला संचालित है। नगर निगम द्वारा कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रम योजना के अन्तर्गत दो मंजिला गौशाला का निर्माण कार्य कराया गया। जिसकी स्वीकृत लागत रू0 237.25 लाख है। इसका निर्माण कान्टैक्टर/फर्म–हिन्दुस्तान स्टील्स द्वारा किया गया है। गौशाला का निर्माण दिनांक 28.01.2019 से प्रारम्भ हुआ था तथा दिनांक 25.05.2020 को पूर्ण हो गया था। शीघ्र ही सभी गोवंशो को नई गौशाला में अस्थाई गौशाला से स्थानांतरित किया जायेगा। नवनिर्मित भवन लोकार्पण के साथ–साथ मा0 मंत्री जी द्वारा गायों को फल,गुड़ आदि खिलाया गया तथा परिसर में अशोक के वृक्ष लगाकर वृक्षोपरण किया गया। मा0 मंत्री जी के साथ–साथ मा0 मा0 उ0प्र0सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मा0 श्री सुरेन्द्र नाथ वाल्मीकि, सांसद अरूण सागर जी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह,यादव, जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनंद नगर आयुक्त श्री संतोष शर्मा, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री हरिप्रकाश वर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह,सहायक नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे तथा महाप्रबन्धक (जल)वी0एन द्विवेदी द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पूर्व सभासद श्री वेद प्रकाश मौर्या, श्री दिवाकर मिश्रा, गोसेवा से जुड़े श्री आलोक मिश्रा एवं अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। गौशाला के लोकार्पण के उपरान्त मा0 मंत्री जी द्वारा बंकाघाट पर नवनिर्मित सेतु का लोकार्पण किया गया। इस पुल का निर्माण नगर निगम द्वारा 14 वॉ वित्त आयोग के अर्न्तगत कराया गया है इसकी लागत रू0 79.85 लाख रूपये है। इस पुल का निर्माण कान्टैक्टर/फर्म–रितेश कुमार आनन्द द्वारा कराया गया है। इसका कार्य दिनांक 15.06. 2020 को समाप्त हुआ है। इस पुल का निर्माण दिनांक 18.11.2019 को प्रारम्भ किया गया था। इस पुल के लोकार्पण के उपरान्त नगर में लग रहे जाम की समस्या से निजात मिलेगा।

कमशः.............(2)

Scanned with CamScanner

2–नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई **जोन–02 में ब्रज बिहार कालोनी शंहशाह मैरिज लॉन के पीछे बने नाले की सफाई का** कार्य **सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित** एवं सफाई नायक श्री प्रेम शंकर तथा सफाई **जोन–3** में **मो0 खलीलशर्की चौभुर्जी में बने नाले से निकले मलवे/सिल्ट को उठवाने का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख** में कराया गया। **सफाई जोन–4 मे मो0 वाकरजई में बने नाले से निकले मलवे/सिल्ट को उठवाने का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर** एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा **सफाई जोन–5 में ख्वाजा फिरोज में मुबारक खॉ के घर से पप्पू मास्टर के घर तक** बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

3– नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार आज दिनांक 21.06.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य** –मेहमानशाह, अजीजगंज, स्थित रैन बसेरा,नई बस्ती,रेयान इंटरनेशनल स्कूल, बृज बिहार कालोनी,कृष्णानगर कालोनी, निवाजपुर, हॉडा कालोनी, कचहरी जज साहब का बंगला, दुर्घटना न्यायालय किशोर न्यायालय,नवोदय विद्यालय,खिरनीबाग सराय, लाला तेली बजरिया, रामनगर,दिलाजाक, बंगश,मदराखेल,बिजलीपुरा एवं **फागिंग का कार्य**–मुमुक्षु आश्रम, पॉलिटेक्निक कालेज, बी0एस0 पब्लिक स्कूल,रैन बसेरा, बृज बिहार कालोनी,अंटा,चमकनी करबला,अशोक बिहार,शांतिपुरम कालोनी,सैनिक कालोनी में कराया गया।

कल दिनांक 22.06.2020 को रोस्टर के अनुसार तारीन जलालनगर, खटकाना,खिरनीबाग, आफीसर्स कालोनी,इन्दिरा नगर, खिरनीबाग सराय, बहादुरपुरा,लोहिया कालोनी, चमकनी करबला, कृष्णानगर, माधोनगर, मक्कू बजरिया,महमन्द हददफ,मन्सूरी कालोनी,ककरा कलां, ककरा खुर्द, हुसैनपुरा, हुण्डालखेल, खलीलगर्वी, फ्रेन्डस कालोनी, शाह कालोनी, भारद्वाज कालोनी, चौकसी, रंगमहला, घूरन तलैया, नई बस्ती,दीवान जोगराज,सम्पूर्ण रोजा क्षेत्र आदि मोहल्ले मे कराया जायेगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।
21/6/2020

Scanned with CamScanner